Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 10-03-2006
Participants : Patle Shri Shishupal Natthu

an>

Title : Need to declare Minimum Support Price of Paddy at Rs. 1000 per quintal for the benefit of farmers in Gondia district, Vidarbh, Maharashtra.

श्री शिशुपाल पटले (भण्डारा) : अध्यक्ष महोदय महाराट्र के विदर्भ क्षेत्र में गोंदिया इत्यादि जिलों में किसानों का प्र ामुख साधन खेती है। इस क्षेत्र के किसानों द्वारा कर्ज द्वारा धान की फसल को उगाया जा रहा है। लेकिन उन्हें उनकी मेहनत तथा कर्ज को पूरा करने के लिए अनाज की उचित कीमत नहीं मिल रही है। यदि धान कीमत को 1000 रूपये क्विंटल किया जाये तो इस क्षेत्र के किसानों को उसकी लागत तथा कर्ज को चुकता करने में सहायता मिल सकती है। यदि किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए ऐसा नहीं किया गया तो जिस तरह हाल ही में विदर्भ क्षेत्र में किसान परिवारों द्वारा आत्महत्या की गयी है आगे भी इसी तरह की और घटनाएं घट सकती हैं। किसानों को शीघ्र उसकी फसल की लागत का मूल्यांकल करके उचित मूल्य निर्धारित किया जाये, जिससे किसानों द्वारा की जा रही आत्महत्या पर रोक लग सके।

(v) Need to declare Minimum Support Price of Guar,

Moth, Dhania and Jeera cultivated in Rajasthan